(ख) क्या यह सच है कि अनेक वर्षों से लगातार अनुरोध करने के बावजूद भी रेलवे प्राधिकारियों द्वारा सुलतानगंज से सीधे देवघर की रेल सेवा की व्यवस्था नहीं की गई है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि जसीडीह और क्यूल से किसी भी गाड़ी में पर्याप्त बर्थों का आरक्षण नहीं है ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार इस संबंध में क्या व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) सुलतानगंज और बैद्यनाथ-धाम (देवघर) के बीच की दूरी सड़क मार्ग द्वारा लगभग 100 कि.मी. तथा क्यूल और जसीडीह के रास्ते रेल द्वारा 180 कि.मी. है । सुलतानगंज से पवित्र जल लेने के बाद तीर्थ यात्री पैदल अथवा सड़क द्वारा यात्रा करना पसन्द करते हैं क्योंकि रेल यात्रा घुमावदार है इसमें अधिक समय लगता है । तथापि, क्यूल के रास्ते गाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं ।

(ख) से (घ) सामान्यत: सुलतानगंज-क्यूल के बीच 7 जोड़ी गाड़ियां, क्यूल-जसीडीह के बीच 19 जोड़ी और जसीडीह-वैद्यनाथधाम के बीच 10 जोड़ी गाड़ियां उपलब्ध हैं । मेले के दिनों में बैद्यनाथधाम और जसीडीह से यातायात की निकासी के विशेष प्रबन्ध किये जाते हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं :—

(1) जसीडीह-बरौनी के बीच तथा वापिसी दिशा में प्रतिदिन विशेष गाड़ी ।

(2) जसीडीह-पटना के बीच तथा वापसी दिशा में एक दिन छोड़कर विशेष गाड़ी ।

(3) 137/138 जमालपुर-क्यूल पैसेंजर को भागलपुर तक बढ़ाना ।

जमालपुर से साहिबगंज के बीच दोहरी रेल लाइन

210. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जमालपुर से सुलतानगंज के बीच दोहरी रेल लाइन मार्ग में क्यूल-साहिबगंज लूप लाइन पर मिट्टी भरने के कार्य को अचानक बन्द कर दिया गया है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ख) इस लूप लाइन पर स्थित जमालपुर रेलवे वर्कशाप के विकास के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी नहीं । चालू ठेकों पर मिट्टी संबंधी काम चल रहा है ।

(ख) पहले जमालपुर कारखाने में मुख्यत: भाप रेल इंजनों का आवधिक ओवरहाल किया जाता था । कारखाने की गतिविधियों में परिवर्तन किया जा रहा है और इस दिशा में एक प्रमुख कदम रहा है डीजल रेल इंजनों का आवधिक ओवरहाल शुरू करना । 140 टन डीजल हाइड्रॉलिक क्रेन के निर्माण के लिए सुविधाएं स्थापित करने की योजनाएं हैं । इस कारखाने को बी ओ एक्स माल डिब्बों के लिए अपेक्षित यू आई सी बोगियों के निर्माण के लिए नामित किया गया है ।

इसके अलावा, जमालपुर कारखाने के आधुनिकीकरण के लिए एक विस्तृत व्यावहारिकता-अध्ययन किया जा रहा है ।

Commemorative Stamp on Mahamana Madan Mohan Malaviya

211. *SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be phased t_0 refer to the reply to Starred Question 346 given in the Rajya Sabha on foe 27th November, J986 and state;

(a) whether Government have since examined the proposal to bring out a cotnme, rnorative postal stamp in honour